पंजाब केसरी 20/04/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन

अम्बाला, 19 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्रो. वीरसेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट के संरक्षण में शनिवार को राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। इस संगोष्ठी में चंडीगढ़, मुंबई, कैथल, सोनीपत, रेवाड़ी एवं उत्तर प्रदेश आदि स्थानों के 141 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त फिनलैंड से भी दो प्रतिभागियों ने संगोष्ठी में सहभागिता दर्ज की।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पंजाब विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन विभाग के डा. राजेश चंद्र थे तथा विशिष्ट अतिथि डा. विनय कुमार मल्होत्रा रहे। दोनों अतिथियों ने छात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की। आयोजन सचिव डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा उजागर करने हेतु प्रेरित करना है। सभी भूमिकाएं विद्यार्थियों द्वारा ही निभाई गई। मंच संचालन ओमिका तथा नीशू ने किया। आस्था समेत चार विद्यार्थियों ने पंजीकरण का कार्यभार संभाला। रुशल समेत 6 विद्यार्थियों ने खान पान की व्यवस्था संभाली।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता।*

विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डा. एस.एस. नैन ने कार्यक्रम को शानदार करार दिया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। अंत में जीतने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिया गया। डा. राकेश कुमार, डा. सरोज बाला और लवप्रीत ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।